12 नगरी में विकास को मिलेगी रफ्तार





14 पुरखों की गौरव गाथा को जन-जन तक पहुंचाने का...












### मोमोज कांड के बाद मेघा में युद्ध स्तर पर स्ट्रीट फूड की जांच

# समोसा में मिले धूल के कण चाट में चटकदार रंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

मोमोज कांड के बाद खाद्य औषधि प्रशासन अलर्ट मोड पर है। मेघा में स्ट्रीट वेंडरों के खाद्य पदार्थों की जांच की गई। कई खाद्य पदार्थ अमानक मिले, जिन्हें नष्ट करवाया गया। यही नहीं पूरे जिले में सावधानी के तौर पर मध्यान्ह भोजन रसाइयों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जिसमें गुणवत्तायुक्त भोजन तैयार करने और स्टोर करने के लिए टिप्स दिए जा रहे हैं।

मगरलोड विकासखंड के मेघा में दूषित मोमोज खाने से कई लोग फूड पाइजनिंग का शिकार हो गए थे। इलाज के बाद अधिकांश लोग स्वस्थ होकर घर लौट गए हैं, लेकिन दो लोग अभी भी अस्पताल में भर्ती हैं। उनका इलाज जारी है। इस घटना के बाद खाद्य औषधि प्रशासन विभाग सतर्क हो गया है। विभाग ने शुक्रवार को रायपुर संभाग मुख्यालय से चलित खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला को धमतरी बुलाया और



मेघा में स्ट्रीट वेंडरों के खाद्य पदार्थों की जांच की। इस दौरान खाद्य पदार्थों के 70 सेम्पल लिए गए। इसमें से 66 खाद्य पदार्थ तो ठीक मिले, लेकिन 4 खाद्य पदार्थ अवमानक स्तर के पाए गए।

**पाए गए डस्ट पार्टिकल**

मेघा पुल के पास सड़क बन रही है, जिसके चलते यहां पर काफी धूल उड़ती रहती है। इस स्थान पर बड़ी संख्या में स्ट्रीट वेंडर अपनी दुकान लगाते हैं। जो खाद्य पदार्थ अवमानक मिले उसमें बालूशाही और समोसा शामिल थे। धूल भरी सड़क में खुले में इन खाद्य पदार्थों को रखा गया था, जिसके चलते इनमें डस्ट पार्टिकल पाए गए। एक सेम्पल में चाट को चटकदार दिखाने के लिए निर्धारित मात्रा से ज्यादा खाद्य रंग का इस्तेमाल किया गया था। एक स्थान पर खराब संतरे का विक्रय करना पाया गया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी फनेश्वर पिथौरा ने अपने सामने इन खाद्य पदार्थों को नष्ट करवाया।

## कागज का उपयोग न करें

एफएसओ फनेश्वर पिथौरा ने बताया कि अधिकांश स्ट्रीट वेंडर खाद्य पदार्थ को परोसने के लिए कागज का उपयोग करते हैं।


▶▶ शेष पेज 12 पर


### पूरे जिले में स्ट्रीट फूड की होगी जांच

फूड पाइजनिंग की घटना के बाद प्रशासन अलर्ट मोड पर है। 8 से 12 दिसंबर तक चार दिन तक चलित खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला के माध्यम से धमतरी जिले में खाद्य पदार्थों की सघन जांच की जाएगी। जिले के चारों विकासखंडों में शाम को स्ट्रीट फूड का आकस्मिक निरीक्षण किया जाएगा। खाद्य पदार्थ मानक स्तर नहीं पाए जाने पर संबंधित के खिलाफ खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम के तहत नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

- **सर्वेश कुमार यादव** *अभिहित अधिकारी, खाद्य औषधि प्रशासन*

### जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा
## सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसमें भाग्यशाली पाठकों के उपहार वितरण की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।

# देवार परिवारों को मिला नया अस्थाई ठिकाना

- बस स्टैंड के पास मिली जमीन से देवारों में उत्साह, तनने लगी है छोटी-छोटी झोपड़ियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

रेलवे की कार्रवाई के बाद बेघर हुए देवार परिवारों के व्यवस्थापन का फिलहाल समाधान हो गया है। नया अस्थाई ठिकाना से देवारों में उत्साह है। बस स्टैंड से करीब पुरानी कृषि उपज मंडी के बाजू में देवारों की झुग्गियां तनने लगी हैं। देवारों का कहना है कि अब उन्हें यहां से कभी न हटाया जाए।

इस सदी में दुनियां कहां से कहां पहुंच चुकी है लेकिन देवारों की जीवनशैली आज भी वहीं की वहीं है। मैला कुचैला कपड़ा पहनना, झुग्गी झोपड़ी में रहना, कचरों के ढेर से कबाड़ी का सामान इकट्ठा करना और शिक्षा से दूर मस्त मौला जीवन जीना। 2 दिसंबर को रेलवे की अतिक्रमण हटाओ कार्रवाई से देवार परिवारों में बेघर होने का पहाड़ टूट पड़ा। रोते बिलखते झोपड़ियों से सामान निकालना, आंखों से आंसू इनकी पीड़ा का बखान करते रहे। जैसे-तैसे पुरानी मंडी में शरण ली, अब वे बहुत खुश हैं।



अपनी झुग्गियों को आकार दे रहे दुर्गेश, रोशनी, मुस्कान ने बताया कि महापौर और वार्ड पार्षद ने उन्हें व्यवस्थापन के लिए पुरानी मंडी के बाजू रास्ते में तथा महिमासागर वार्ड में जगह दी है।


▶▶ शेष पेज 12 पर


### वृद्धा डेरहीन निराश्रित राशि से वंचित

80 साल की वृद्धा डेरहीन देवार काफी व्यथित हैं। अस्वस्थ जीवन जी रही डेरहीन के पुत्र राजाराम ने बताया कि उसकी मां को करीब तीन साल से निराश्रित राशि नहीं मिल रही है। उसका खाता नागरिक बैंक में है। बैंक वाला आधार कार्ड मांगता है। आधार कार्ड गुम चुका है। मां की आंख में मोतियाबिंद होने से तथा अंगूठे की लकीरें घिसने से उसका नया आधार कार्ड नहीं बन पा रहा है। उन्होंने शासन- प्रशासन से निराश्रित राशि दिलाने की गुहार लगाई है।







**खबर संक्षेप**

### पत्थर से टकराई बाइक, चालक घायल

**धमतरी।** गंगरेल स्थित मंदिर की तरफ से लौट रही तेज रफ्तार मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पत्थर से टकरा गई। घटना में चालक घायल हो गया है। मिली जानकारी के अनुसार स्थानीय जालमपुर निवासी मयंक हल्बा उम्र 20 वर्ष अपनी पल्सर मोटरसाइकिल से गंगरेल गया था जहां से शाम को वापस लौट रहा था। स्पीड इतनी ज्यादा थी कि मोटरसाइकिल शीतला मंदिर मोड़ के पास चालक के नियंत्रण से बाहर हो गई। अनियंत्रित मोटरसाइकिल सड़क किनारे पत्थर से टकरा गई। इससे चालक बाइक सहित सड़क किनारे गिर गया। इस घटना में चालक का एक पैर फैक्चर हो गया, वहीं उसके शरीर के कई जगहों पर भी चोट आई है। दुर्घटना की सूचना पर वरदान सेवा संस्था के शिवा प्रधान तत्काल घटनास्थल पहुंचे और घायल युवक को एम्बुलेंस से उपचार के लिए निजी अस्पताल पहुंचाया।

## कलेक्टर ने नगर पंचायत क्षेत्र में विकास कार्यों का लिया जायजा

# नगरी में विकास को मिलेगी रफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

एक दिवसीय प्रवास पर नगरी पहुंचे कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने नगर पंचायत क्षेत्र में चल रहे और प्रस्तावित विकास कार्यों का विस्तृत निरीक्षण किया। उनके इस दौरे से नगर में विकास की नई दिशाओं को गति मिलने की उम्मीद बढ़ गई है। कलेक्टर ने स्पष्ट कहा कि लक्ष्य नगरी को एक मॉडल नगर पंचायत के रूप में विकसित करना है, जिसके लिए शिक्षा, खेल, परिवहन और व्यापारिक सुविधाओं को सुदृढ़ किया जाएगा।

सबसे पहले उन्होंने वार्ड क्रमांक 7 स्थित लाइब्रेरी भवन का निरीक्षण कर रख-रखाव, पुस्तक उपलब्धता और अध्ययन कक्षों की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि लाइब्रेरी को और आधुनिक व अध्ययन-अनुकूल बनाया जाए, जिससे विद्यार्थियों को बेहतर माहौल मिल सके।

इसके बाद कलेक्टर ने वार्ड क्रमांक 12 में प्रस्तावित बस स्टैंड हेतु भूमि का अवलोकन किया। उन्होंने यातायात, सुरक्षा और भविष्य की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए विस्तृत प्रस्ताव तैयार कर शासन को भेजने के निर्देश दिए, ताकि नगरवासियों को बेहतर परिवहन सुविधा उपलब्ध हो सके।





### खिलाड़ियों के लिए बनेगा बॉक्स क्रिकेट ग्राउंड

नगरी के युवाओं की खेल आवश्यकताओं को देखते हुए उन्होंने हाईस्कूल मैदान में लाइट, उपकरण और ग्राउंड लेवलिंग जैसी व्यवस्थाओं की समीक्षा की। उन्होंने नगर के क्रिकेट प्रेमियों के लिए बॉक्स क्रिकेट ग्राउंड निर्माण के लिए तत्काल प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए। साथ ही कलेक्टर ने गायत्री मंदिर परिसर के पास प्रस्तावित नगर चौपाटी स्थल का निरीक्षण कर इसे अत्यंत उपयुक्त बताया। उन्होंने कहा कि यह चौपाटी विद्यार्थियों, परिवारों और छोटे व्यापारियों के लिए बड़ा केंद्र साबित होगी।

### 5 साल का विकास रोड मैप प्रस्तुत किया

नगर पंचायत अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा ने इस दौरान 5 साल का विकास रोड मैप प्रस्तुत किया, जिसकी कलेक्टर ने सराहना की। निरीक्षण के बाद नगरवासियों में उत्साह देखने को मिला और लोगों ने उम्मीद जताई कि आने वाले समय में नगरी एक आदर्श नगर पंचायत के रूप में विकसित होगी।

# दिव्यांगजनों को सशक्त बनाने सरकार प्रतिबद्ध : मोनिका



हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

समग्र शिक्षा विभाग द्वारा अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता एवं पुरस्कार वितरण कार्यक्रम इंडोर स्टेडियम में रखा गया। मुख्य अतिथि जिला पंचायत सभापति श्रीमती मोनिका देवांगन ने कहा कि प्रतिवर्ष अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस पर शिक्षा एवं समाज कल्याण विभाग द्वारा क्रीड़ा प्रतियोगिता एवं पुरस्कार वितरण आयोजित किया जाता है ताकि दिव्यांग व्यक्तियों को समाज में सशक्त किया जा सके और उनकी उपलब्धियों एवं प्रतिभाओं को मान्यता दी जा सके। इस समारोह का उद्देश्य दिव्यांग बच्चों की प्रतिभाओं को प्रदर्शित कर, समावेशी शिक्षा को बढ़ावा देना और उनके अधिकारों के प्रति जागरूकता फैलाना है। दिव्यांगजनों को सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाने केंद्र एवं राज्य सरकार की अनेकों योजनाएं संचालित हो रही हैं। इस अवसर पर समग्र शिक्षा विभाग के अधिकारी-कर्मचारी एवं विभिन्न स्कूलों के शिक्षकगण व छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### समोसा में मिले धूल के कण, चाट में ...

उन्होंने सलाह दी है कि खाद्य पदार्थों को अखबारी कागज में न परोसा जाए। खाद्य पदार्थों को नियंत्रित तापमान पर संग्रहित करें। उन्होंने व्यक्तिगत स्वच्छता एवं आसपास की स्वच्छता का ध्यान रखने एवं खाद्य पदार्थ तैयार करने के लिए ताजी सामग्री का उपयोग करने के निर्देश दिए।

### देवार परिवारों को मिला नया अस्थाई ठिकाना

लगभग 80 परिवार में से 20 परिवार महिमासागर वार्ड तथा 60 परिवार मंडी के बाजू में अपना नया ठिकाना बना रहे हैं। उन्होंने बताया कि पुरानी झोपड़ियों का लकड़ी लाकर अपना आशियाना बना रहे हैं। उन्होंने खुशी जाहिर की कि बस स्टैंड के पास उन्हें जगह मिली है। अब उनका यहां से कभी भी विस्थापन नहीं होना चाहिए।

महापौर रामू रोहरा ने बताया कि बेघर होने की पीड़ा को वे अच्छी तरह से समझ सकते हैं। रहने का कोई संसाधन नहीं होने से उन्हें पुरानी मंडी के बाजू में अस्थाई रूप से व्यवस्था दी गई है। शासन की योजना के तहत भविष्य में इनका पूर्ण व्यवस्थापन कराया जाएगा।

# एसआईआर : कुरूद विस के दो अधिकारी हुए सम्मानित





हरिभूमि न्यूज ⏭ डांडेसरा(धमतरी)

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा चल रहे एसआईआर कार्य में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर कुरूद विधानसभा के सुपरवाइजर डांडेसरा पटवारी वीरेंद्र कुमार बैस और कचना पटवारी अमित ठाकुर को कलेक्टर अविनाश मिश्रा ने प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया।

कुरूद क्षेत्र में एसआईआर कार्य तेजी से जारी है, जिसमें मतदाताओं का नाम 2003 की मतदाता सूची से मैप किया जा रहा है। दोनों अधिकारियों ने अपने सभी मतदान केन्द्रों में जिले में सबसे पहले 100 प्रतिशत ऑनलाइन एसआईआर कार्य पूरा कर उपलब्धि हासिल की।

इससे पूर्व कन्हारपुरी की सीमा मेश्राम भी शत-प्रतिशत कार्य कर सम्मानित हो चुकी हैं। क्षेत्र में बीएलओ, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मितानिन, रोजगार सहायक तथा ग्राम कोटवार सहित सभी मैदानी कर्मियों की मेहनत से कार्य सुचारू रूप से चल रहा है। दोनों अधिकारियों को सम्मान मिलने पर ग्राम पंचायत डांडेसरा के जनप्रतिनिधियों और कर्मचारियों ने हर्ष जताया है।

# पीजी कॉलेज में फैकल्टी एवं स्टूडेंट एक्सचेंज कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



बीसीएस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय धमतरी के अंग्रेजी विभाग एवं भानुप्रतापदेव शासकीय महाविद्यालय कांकेर के अंग्रेजी विभाग के बीच 4 दिसंबर 2025 को हुए एमओयू के तहत संयुक्त रूप से फैकल्टी एवं स्टूडेंट एक्सचेंज कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बीसीएस महाविद्यालय के एमए तृतीय सेमेस्टर के विद्यार्थियों ने नाटक "एवं इंद्रजीत" की प्रभावशाली प्रस्तुति दी तथा विषय-आधारित पीपीटी प्रस्तुतिकरण एवं फन एक्टिविटी भी आयोजित की गई। छात्राएं ललिता, भूमिका, भारती, भूमिका सेन, तुलेश्वरी, मीनाक्षी, हिमागनी एवं भूमिका गुप्ता ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सभी का ध्यान आकर्षित किया।

कार्यक्रम का संचालन कांकेर महाविद्यालय के छात्र देवेंद्र प्रकाश एवं छात्रा ग्रेस डेनियल ने किया। छात्रा आस्था ने नई शिक्षा नीति पर जानकारी प्रस्तुत की। कार्यक्रम का आयोजन बीडीएस महाविद्यालय कांकेर की अंग्रेजी विभागाध्यक्ष डॉ. अर्चना सिंह द्वारा किया गया । अध्यक्षता प्रभारी प्राचार्य डॉ. वीके रामटेके ने की। बीसीएस महाविद्यालय धमतरी की अंग्रेजी विभागाध्यक्ष पल्लवी बरडिया एवं सहायक प्राध्यापक नीता मित्तल ने विद्यार्थियों को संबोधित कर उनका उत्साहवर्धन किया।

इस अवसर पर प्राध्यापक डॉ. अभिषेक बाजपेई, डॉ. अशरफ खान, डॉ. शिप्रा पंत सहित एमए प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर के विद्यार्थी उपस्थित थे।

# विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर फोकस

- शिक्षक-पालक-बालक बैठक में बच्चों की पढ़ाई, व्यवहार, उपस्थिति पर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिरगुड़ी के प्राचार्य एमएस कुरूं के नेतृत्व में ग्राम टांगापानी, कुंगेरा एवं जुनवानी के विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए ग्राम पंचायत टांगापानी के सभाकक्ष में शिक्षक, पालक, बालक सम्मेलन आयोजित की गई।

प्राचार्य श्री कुरूं ने कहा कि शिक्षा केवल विद्यालय तक सीमित नहीं, बल्कि शिक्षक, पालक और बालक तीनों की समान भागीदारी से ही गुणवत्तापूर्ण शिक्षा संभव है। बैठक का उद्देश्य अभिभावकों को बच्चों की शैक्षणिक प्रगति से अवगत कराना तथा शिक्षकों के साथ सीधे संवाद का अवसर प्रदान करना था। टांगापानी सरपंच यशवंत मंडावी ने बच्चों की पढ़ाई, व्यवहार, नियमित उपस्थिति तथा नशे जैसे खतरों से दूर रहने पर बल दिया। उन्होंने विद्यार्थियों को जीवन में लक्ष्य निर्धारित कर परिश्रम और अनुशासन के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। सभा को पूर्व सरपंच गणेशिया मरकाम एवं वरिष्ठ नागरिक मेहतर मरकाम ने भी संबोधित किया। मौके पर कुंगेर सरपंच मुकेश कुंजाम, उपसरपंच श्यामबाई मरकाम टांगापानी, पंचगण तथा अभिभावक उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता एमके मरकाम तथा आभार व्यक्त व्यायाम शिक्षक अशोक गजबल्ला ने किया।

## निधन

### जमुनाबाई साहू



**जीजामगांव।** ग्राम मड़ेली निवासी सालिकराम साहू की पत्नी श्रीमती जमुनाबाई साहू 71 वर्ष का निधन 3 दिसंबर बुधवार को हो गय । उनका अंतिम संस्कार गांव के शांतिघाट में किया गया। उनके निधन पर देवकी, जतिराम, डुमेश्वरी, ननक, उमेश्वरी, हरीश, नेमिन, देवानंद, धनेश्वरी, कुलेश्वर सहित अनेक ग्रामीणों ने गहरा शोक प्रकट किया है।

## कांग्रेसियों ने चित्रकार बसंत का किया सम्मान



**कुरुद।** भारतरत्न, संविधान निर्माता डा. भीमराव अम्बेडकर की पुण्यतिथि पर ब्लाक कांग्रेस कमेटी कुरुद ने विगत दिनों राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू के हाथों सम्मानित दिव्यांग चित्रकार बसंत साहू को उनके निवास स्थान पर जाकर गुलदस्ता भेंटकर व मिठाई खिलाकर सम्मान किया। इस दौरान कांग्रेसियों ने कहा कि चित्रकार बसंत साहू कुरुद नगर ही नहीं बल्कि प्रदेश व देश के लिए गौरव व प्रेरणा हैं। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष तारिणी चन्द्राकर, ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष आशीष शर्मा, रमेशर साहू, रवि शर्मा, पार्षद मनीष साहू, मनोज अग्रवाल, राघवेन्द्र सोनी, चुम्मन दीवान, शत्रुघन साहू, लव चन्द्राकर, संतोष प्रजापति, अशोक साहू, उमेश साहू, जितेन्द्र साहू, पप्पू शर्मा उपस्थित थे।

# एक गांजा तस्कर गिरफ्तार, दूसरा फरार

- 480 ग्राम मादक पदार्थ बरामद बोराई पुलिस की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

उड़ीसा से बाइक में गांजा की तस्करी कर रहे एक आरोपी को बोराई पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस फरार दूसरे तस्कर की तलाश में जुटी है।

पुलिस अवैध गांजा, शराब, धान एवं अवैध कारोबारियों पर प्रभावी अंकुश लगाने जिले के अंतिम छोर पर स्थित बोराई क्षेत्र में आने- जाने वाले वाहनों की सघन चेकिंग कर रही है। इसी दौरान उड़ीसा की ओर से एक काले रंग की डीलक्स बाइक आ रही थी। बोराई पुलिस ने चेक पोस्ट में उक्त बाइक को रोकने का प्रयास किया। बाइक के रुकने पर पीछे सवार व्यक्ति नीचे उतर गया जबकि चालक बाइक के साथ मौके से फरार हो गया। बाइक से नीचे उतरा व्यक्ति भी भागने का प्रयास कर रहा था। पुलिस ने उसे



धरदबोचा। पूछताछ में उसने अपना नाम शिवलाल नेताम पिता अमरसिंह उम्र 30 वर्ष ग्राम तारंगपुरी थाना कुंदई जिला नवरंगपुर उड़ीसा निवासी बताया। आरोपी की पीठ पर लटके बैग की तलाशी लेने पर भीतर से 480 ग्राम मादक पदार्थ गांजा बरामद किया गया। उसकी अनुमानित कीमत 24 हजार रुपए है। आरोपी के पास से 500 रुपए नगद समेत कुल 24500 रुपए जप्त किए गए। पुलिस ने बोराई थाना में धारा 20/ख एनडीपीएस एक्ट के तहत वैधानिक कार्रवाई कर आरोपी शिवलाल नेताम को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है। पुलिस टीम प्राप्त सुराग व तकनीकी साक्ष्यों की मदद से फरार बाइक चालक की तलाश में जुट गई है।

# प्राथमिक शाला कमारपारा में मना वार्षिकोत्सव



हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

शाला प्रबंधन एवं विकास समिति पालकों के सहयोग से वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया। प्रथम दिवस खेलकूद का शुभारंभ अमाली के सरपंच हिरौंदी बाई ध्रुव के मुख्य आतिथ्य में हुआ। निशाना लगाओ, जलेबी दौड़, रस्सा खींच, कुर्सी दौड़, हंडी फोड़, फुगड़ी एवं मोमबत्ती जलाओ स्पर्धा हुई। दूसरे दिन पुरस्कार वितरण एवं बच्चों का सांस्कृतिक कार्यक्रम हुआ। मौके पर सरपंच हिरौंदी बाई ध्रुव, उपसरपंच जीतबाई सेन, तुलेश्वरी, लता बाई, कन्हैयालाल, बिसाहू, धनसिंग, जगन्नाथ कश्यप, अशोक मरकाम, दुर्गेश ध्रुव, पवन देवांगन, अरूण यादव, दुर्गा ध्रुव, श्रध्दा गोस्वामी आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन प्रधानपाठक सिधेश्वर कुमार साहू ने किया।

## पावर लिफ्टिंग ट्रायल प्रतियोगिता 9 को

**धमतरी।** जिला स्तरीय पावर लिफ्टिंग ओपन चयन ट्रायल प्रतियोगिता 9 दिसंबर को मेट्रो फिट फिटनेस जिम रुद्री रोड ओजस्वी नर्सिंग होम के बाजू में रखी गई है। प्रतियोगिता की तैयारी में कोच देवेंद्र यादव, टिक्की निर्मलकर, मनीष चौधरी जुटे हैं।




## भरारी में मड़ई 16 को

**धमतरी।** ग्राम भरारी में ग्रामवासियों के सहयोग से 16 दिसंबर मंगलवार को मड़ई का आयोजन किया गया है। रात्रि में मंगलौर चंपारण का छत्तीसगढ़ी नाचा कार्यक्रम होगा। यह जानकारी ग्राम विकास समिति के सचिव मेघनाथ निषाद व कमलेश झालिया ने दी है।

## मड़ेली में अवैध गतिविधियों पर पंचायत ने की कार्रवाई

# दारू बिक्री से लेकर खेत में भाजी तोड़ने पर सख्ती

हरिभूमि न्यूज ⏭ जीजामगांव



ग्राम पंचायत मड़ेली एवं ग्रामीण विकास समिति के संयुक्त बैनरतले पदाधिकारियों और सदस्यों ने समिति के संस्थापक एवं उपसरपंच ओमप्रकाश देवांगन, सरपंच प्रतिनिधि लक्ष्मी नारायण साहू तथा सोशल मीडिया प्रभारी शेखर साहू के नेतृत्व में भाटापारा मड़ेली क्षेत्र का भ्रमण कर जमीनी हालात का जायजा लिया। इस दौरान कई उलझे मामलों का मौके पर ही निपटारा किया गया।

खेतों में अवैध रूप से भाजी तोड़ने वाली माताओं को समझाइश दी गई तथा भविष्य में ऐसी हरकत न करने की चेतावनी देते हुए प्रत्येक से 101 रुपये की कार्रवाई की गई। इसी प्रकार विष्णु निषाद पर अवैध तरीके से दारू बेचने के मामले में कड़ी कार्रवाई की गई। खुला डिस्पोजल बेचने वाले खेमलाल पिंजारा से भी 101 रुपये का जुर्माना लिया गया। इसके अलावा देवलाल देवांगन और बहारा ध्रुव से 500-500 रुपये की पंचायती शुल्क राशि जमा कराई गई। सार्वजनिक मंच पर गाय बैल बांधने के मामले में भी कड़ी कार्रवाई करते हुए 500 रुपये जुर्माना लगाया गया। पंचायत टीम ने डोर-टू-डोर जाकर कई मामलों का समाधान किया और लोगों को नियमों का पालन करने की हिदायत दी।

मौके पर जनपद सदस्य ठाकुरराम साहू, समिति के सचिव चेतन साखरे, कोषाध्यक्ष लालचंद चंदेल, उपाध्यक्ष ताराचंद साहू, महेंद्र निर्मलकर, टेमन साहू, तुलसी निषाद, घनश्याम साहू, चैतराम देवांगन, रामनाथ साहू, महेतरू यादव, नरेंद्र आमदे, सुनील कुमार साहू, पुराणिक राम साहू, अर्जुन साहू, प्रीत कुमार साहू, शेरसिंह साहू, गजेन्द्र पिंजारा, धर्मेन्द्र कुमार सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित थे।

Pride of Dhamtari




विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 75873-71999, कुरूद - 98268-82770, नगरी -75818-01429
मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जीजामगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-357201

## खबर संक्षेप

### राष्ट्रीय सेवा योजना मेगा शिविर से स्वयंसेवकों को मिली प्रेरणा

**दुर्गुकोंदल।** राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई शाउमावि दमकसा एवं आमाकड़ा द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित मेगा शिविर का आयोजन ग्राम बरहेली में किया जा रहा है। शिविर में बड़ी संख्या में एनएसएस स्वयंसेवक शामिल होकर प्रतिदिन विभिन्न सामाजिक, शैक्षणिक, स्वास्थ्य एवं जनजागरूकता संबंधी गतिविधियों को उत्साहपूर्वक सम्पन्न कर रहे हैं। शिविर के बौद्धिक सत्र में युवा समाजसेवी ललित नरेटी ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना युवाओं में स्व-अनुशासन, जिम्मेदारी और संगठनात्मक क्षमता विकसित करने की महत्वपूर्ण पाठशाला है। इस मंच से युवक-युवतियाँ यह सीखते हैं कि समन्वय और सामूहिक प्रयासों से किसी भी समस्या का समाधान सरलता से किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही मानव जीवन का वास्तविक प्रकाश है, जो हम सभी को राष्ट्र निर्माण के लिए सक्षम बनाती है। नशा व्यक्ति के शारीरिक, मानसिक और सामाजिक जीवन को नष्ट कर देता है। नशे की वजह से परिवार टूटते हैं और राष्ट्र की प्रतिष्ठा भी प्रभावित होती है। हम युवा भविष्य की उम्मीद हैं, इसलिए हमें हर प्रकार के नशे से दूर रहकर देश के विकास में योगदान देना चाहिए। स्वास्थ्य विभाग के त्रिलोक सोनी ने स्वयंसेवकों को सामान्य स्वास्थ्य समस्याओं, संक्रामक रोगों की रोकथाम तथा स्वच्छता के महत्व पर विस्तार से जानकारी प्रदान की। उन्होंने स्वस्थ जीवनशैली अपनाने पर युवाओं को प्रेरित किया। इस दौरान कार्यक्रम अधिकारी द्वय अजय रावटे एवं पीआर करपाल, वरिष्ठ व्याख्याता एनआर मंडावी, नरेशा मंडावी, संगीता छेदैया, सीमा चौधरी, राजेश्वरी भंडारी, खुशबू ध्रुव, भारती नाग, मनोज दरियो, सुरेश ठाकुर, नरेश गावड़े, मनीषा हिड़को सहित ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

### युवक ने जहर खाया इलाज के दौरान मौत

**कांकेर।** सरोना थानांतर्गत धनेसरा निवासी 40 वर्षीय नरेश यादव ने जहर खा लिया, इलजा के लिए जिला अस्पताल में भर्ती किया गया, लेकिन उसका जान नही बच पाया। अस्पताल कि ओर से अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया कि मृतक ने जहर खा लिया था।

### कांग्रेस अध्यक्ष यादव का पदग्रहण कार्यक्रम आज

**कांकेर।** जिला कांग्रेस कमेटी कांकेर के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष बसंत यादव का प्रथम कांकेर आगमन एवं पदभार ग्रहण समारोह पर जिला एनएसयूआई एवं जिला युवा कांग्रेस के द्वारा दोपहर 12 बजें ज्ञानी चौक के पास जोरदार स्वागत किया जाएगा। दोपहर साढ़े 12 बजें ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कांकेर (ग्रामीण) एवं नरहरपुर के द्वारा नया बस स्टैण्ड कांकेर तक, दोपहर 1 बजे शहर कांग्रेस कमेटी कांकेर के द्वारा पुराना बस स्टैण्ड में, दोपहर 1 बजें किसान कांग्रेस एवं समस्त कांग्रेसजनो के द्वारा राजीव भवन कांकेर के पास स्वागत किया जाएगा। पदभार ग्रहण समारोह दोपहर 2 बजे राजीव भवन कांकेर में होगा। कार्यक्रम में छग प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव सम्मानीय राजेश तिवारी, निवर्तमान जिलाध्यक्ष सुभद्रा सलाम, भानुप्रतापपुर विधायक सावित्री मनोज मंडावी एवं समस्त प्रदेश पदाधिकारीगण व पूर्व विधायकगण विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे ।

भारत की आजादी में जानबूझकर हमारे पुरखों के संघर्ष को नजरअंदाज किया गया : ठाकुर

# पुरखों की गौरव गाथा को जन-जन तक पहुंचाने का लिया गया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी



जनजाति समाज के पुरखों की गौरवगाथा को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लेकर जनजाति गौरव समाज के प्रदेश अध्यक्ष एमडी ठाकुर विगत दिनों धमतरी जिले के दौरे पर थे। वन विश्रामगृह दुगली में आयोजित बैठक में श्री ठाकुर ने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम व भारत की आजादी में जानबूझकर हमारे पुरखों के संघर्ष को नजरअंदाज किया गया है और आज भी हमारे हितों के साथ खिलवाड़ जारी है। आगे कहा कि

केन्द्र में नरेंद्र मोदी और राज्य में विष्णुदेव साय की सरकार ने जनजाति समाज के महापुरुषों, स्वतन्त्रता संग्राम सेनानियों की स्मृति में शासकीय योजनाओं का संचालन, शासन स्तर पर उनकी जयंती, स्मृति दिवस को जनजाति गौरव दिवस के रूप में मनाना प्रारंभ किया है। समाज को जागरूक और संगठित करने, बेहतर संचालन तथा समाज की भागीदारी पर बल दिया गया। बैठक में जिला बाडी का गठन किया गया। सर्वसम्मति से जिलाध्यक्ष महेन्द्र नेताम का मनोनयन किया गया। नारायणसिंह ध्रुव मगरलोड उपाध्यक्ष, रामकुमार सामरथ महासचिव, उमेन्द्र मरकाम बेलरगांव सचिव, टामेश्वर ठाकुर मगरलोड प्रवक्ता, देवेन्द्र मंडावी कोषाध्यक्ष, सुरेन्द्र ध्रुव मीडिया प्रभारी बनाए गए। ईश्वरी नेताम धमतरी को महिला प्रभाग तथा श्यामाचरण मंडावी को युवा प्रभाग का जिलाध्यक्ष बनाया गया है। तीन संरक्षक भुनेश्वर सिंह ध्रुव धमतरी, राजाराम मंडावी नगरी व रोहित दीवान मगरलोड बनाये गये। जिलाध्यक्ष महेन्द्र नेताम ने कहा कि जनजाति समाज के पुरखों का सम्मान और संस्कृति की रक्षा हम सबका दायित्व है।

बैठक में नारायण सिंह ध्रुव, हिरामन ध्रुव, तामेश्वर ठाकुर, ईश्वर कुंजाम, संतराम कुंजाम, देवशंकर कुंजाम, ईश्वरी नेताम, राजाराम मंडावी, रामकुमार सामरथ, महेंद्र नेताम, दिनेश्वरी नेताम, उमेंद्र मरकाम, शैल नेताम, शशिकला ध्रुव, पार्षद अंबिका मरकाम, श्यामाचरण मंडावी, देवेंद्र मंडावी, सुरेंद्रराज ध्रुव, सुरेश मरकाम, भावसिंह मरकाम सहित अनेक सामाजिकजन मौजूद रहे।

## राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में उदय का स्वर्णिम थ्रो



■ गोला तथा तवा फेंक में गोल्ड मेडल जीता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

उच्च शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में कंडेल महाविद्यालय के उदय ने फिर कमाल कर दिया है।

कंडेल महाविद्यालय के क्रीड़ा प्रभारी कमलेश दीवान ने बताया कि उच्च शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता 2025-26 का आयोजन बिलासपुर में किया गया जिसमें उदय ने अपने लक्ष्य, अनुशासन और कठिन परिश्रम का परिचय देते हुए दो प्रमुख स्पर्धा गोला फेंक तथा तवा फेंक में शानदार थ्रो कर गोल्ड मेडल जीता है। उसकी दोहरी उपलब्धि ने महाविद्यालय को राज्य स्तर पर नई पहचान दिलाई है। वह पिछले तीन वर्षों से लगातार अपनी श्रेष्ठता सिद्ध कर रहा है। गत माह सेक्टर स्तरीय प्रतियोगिता में भी स्वर्ण पदक अपने नाम किया था। ओपन स्तरीय प्रतियोगिता में भी मेडल जीत रहे हैं। प्राचार्य रविदास, कोच हिमांशु चंद्राकर सहित महाविद्यालय परिवार ने राष्ट्रीय स्तर के खेल के लिए अग्रिम शुभकामनाएं दी हैं।

## अभिभावकों को दी इंटर्नशिप की जानकारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय देमार में व्यावसायिक शिक्षा अंतर्गत इंटर्नशिप कार्यक्रम की जानकारी देने अभिभावकों की बैठक आयोजित की गई।

राज्य परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा रायपुर छत्तीसगढ़, कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी, सह जिला परियोजना अधिकारी द्वारा व्यावसायिक शिक्षा अंतर्गत बैंकिंग और हेल्थकेयर में अध्यनरत कक्षा 11वीं और 12वीं के विद्यार्थियों की इंटर्नशिप आयोजित की जायेगी। कार्यक्रम की पूर्ण जानकारी प्रदान करने एवं सहमति के लिए प्राचार्य डीएन साहू के मार्गदर्शन में व्यावसायिक प्रशिक्षक दीपशिखा तिवारी और श्रीमती गंगोत्री साहू ने अभिभावकों की बैठक बुलाई। बैठक में अभिभावकों को इंटर्नशिप के दौरान विद्यार्थियों द्वारा की जाने वाली विभिन्न गतिविधियों स्थान के चयन, इंटर्नशिप रिपोर्ट, सर्टिफिकेट, विद्यार्थियों को प्रदान की जाने वाली राशि से संबंधित होने वाली गतिविधियों से अवगत कराया गया।

## महिला समाज ने मनाया स्नेह मिलन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

महिला समाज संस्था की अध्यक्षा हेमलता हिशीकर की अध्यक्षता में स्नेह मिलन कार्यक्रम हुआ। इस दौरान वर्ष 2025 में संपन्न हुए सभी सेवा कार्यों की रिपोर्ट पेश की गई। साथ ही आगामी 2026 नववर्ष का स्वागत हर्षोल्लास और उत्साहपूर्ण वातावरण में करने का निर्णय लिया गया। इस कार्यक्रम में आगामी नववर्ष में किए जाने वाले सेवा कार्यों की रूपरेखा तैयार की गई। इस अवसर पर मजेदार खेल और स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद लिया गया। इस कार्यक्रम में राजुला शाह, प्रभा रावत, कामिनी कौशिक, शकुंतला साहू, सुषमा नंदा, स्वाति बल्लाल, नीलू लुनावत, चंचल लुंकड़, संतोष मिन्नी, ज्योति पारख, ज्योति लूनिया, जिग्ना मंगे ,कनक शाह, प्रिया आठवानी, गायत्री साहू, मीनल गोलछा, मालती, भुवनेश्वरी ने अपनी उपस्थिति दी।

## सलोनी के सेवानिवृत्त व्याख्याता को मिला सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ विकासखंड नगरी द्वारा आयोजित शिक्षक सम्मान समारोह में सलोनी के सेवानिवृत्त व्याख्याता घनश्याम सिंह साहू को शाल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। सम्मान प्रदान करने वालों में विकासखंड शिक्षा अधिकारी एल. साहू, डाइट प्राचार्य डीके साहू, प्राध्यापक जोहन सिंह नेताम तथा बीआरसीसी प्रकाश साहू शामिल थे।

घनश्याम सिंह साहू न केवल शिक्षण क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देते रहे हैं, बल्कि सामाजिक कार्यों में भी निरंतर सक्रिय रहते हैं। वह दिव्यांगजन को शासन द्वारा प्रदत्त सुविधाओं एवं लाभों की जानकारी समय-समय पर देते रहते हैं। साथ ही छत्तीसगढ़ दिव्यांग अधिकारी-कर्मचारी कल्याण संघ के बैनरतले दिव्यांग युवक-युवतियों का परिचय सम्मेलन भी आयोजित करते हैं। इन्हीं उल्लेखनीय सामाजिक एवं शैक्षणिक सेवाओं के फलस्वरूप उन्हें राज्य शासन द्वारा बाल गौरव सम्मान तथा राज्यपाल पुरस्कार से सम्मानित किया जा चुका है।

## बच्चों की शिक्षा और सुविधाओं के उन्नयन पर दिया जोर

**धमतरी।** कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने नगरी विकासखंड के दौरे के दौरान विशेष पिछड़ी जनजाति कमार बच्चों के लिए संचालित बालक एवं बालिका आवासीय विद्यालय का निरीक्षण किया। उन्होंने बच्चों से आत्मीय बातचीत करते हुए उनकी पढ़ाई-लिखाई, खेलकूद, दिनचर्या, नाश्ता-भोजन तथा विद्यालय में उपलब्ध सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली। कलेक्टर ने कक्षाओं, अटल टिंकरिंग लैब, कंप्यूटर कक्ष और अन्य संसाधनों का बारीकी से अवलोकन किया। उन्होंने छात्रों से कंप्यूटर एवं तकनीक से जुड़े प्रश्न भी पूछे और शिक्षकों को निर्देशित किया कि बच्चों को भविष्यउन्मुख विषयों, नवीन तकनीकों और डिजिटल शिक्षा से जोड़ने के प्रयास और तेज किए जाएं। उन्होंने विशेष रूप से विद्यार्थियों के लिए स्पोकन इंग्लिश और संवाद कौशल के नियमित अभ्यास पर जोर दिया, ताकि बच्चे प्रतियोगी माहौल में आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ सकें।

## अग्निवीर में चयनित गगन का विधायक ने किया सम्मान



■ मजबूत इच्छाशक्ति से हर लक्ष्य हासिल किया जा सकता है : ओंकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

नगर पंचायत आमदी निवासी डुगेश्वर साहू के पुत्र गगन साहू के अग्निवीर सेना में चयन होने पर पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई। शनिवार को उनके गृहग्राम आगमन पर विधायक ओंकार साहू सहित ग्रामीणों, युवाओं, जनप्रतिनिधियों एवं सामाजिक संगठनों ने हर्ष और गर्व के साथ उनका स्वागत किया। गांव के मुख्य चौक से घर तक उत्साह का माहौल देखने को मिला।

गगन साहू ने अनुशासन, कठिन परिश्रम, धैर्य और अटूट देशभक्ति के बल पर भारतीय सेना में प्रतिष्ठित स्थान प्राप्त कर न केवल अपने परिवार का नाम रोशन किया है, बल्कि पूरे आमदी क्षेत्र और धमतरी जिले को गौरवान्वित किया है। कठिन चयन प्रक्रिया में सफलता प्राप्त कर उन्होंने यह साबित किया कि मजबूत इच्छाशक्ति और निरंतर प्रयास से हर लक्ष्य हासिल किया जा सकता है।

इस अवसर पर विधायक ओंकार साहू ने कहा कि गगन साहू जैसे ऊर्जावान और राष्ट्रभक्त युवा समाज की असली शक्ति हैं। सेना में चयन होना पूरे क्षेत्र का सम्मान है और यह युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत है। मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष ज्योति साहू, पूर्व अध्यक्ष मनोज साहू, कोमल साहू, एमन साहू, पारसमणि साहू, चितेंद्र साहू, खोजू साहू, नीलकंठ ध्रुव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## पीजी कॉलेज परिसर में एसआईआर को लेकर किया जागरुक

**धमतरी।** बीसीएस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय की प्रभारी प्राचार्य डॉ हेमवती ठाकुर के निर्देशन एवं स्वीप नोडल प्रो. पंकज जैन, विधिक सलाहकार शंकर देवांगन कैम्पस अबेसडर अपर्णा शर्मा, संकेत साहू एवं विधि भाग तीन के छात्र-छात्राओं के मार्गदर्शन में विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान का प्रचार- प्रसार किया गया। छात्रों द्वारा महाविद्यालय परिसर में विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान चलाकर जनसामान्य को जागरूक किया गया। स्वीप नोडल प्रोफेसर पंकज जैन ने बताया कि मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छग एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के मार्गदर्शन में धमतरी जिला में भी विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के माध्यम से पात्र मतदाताओं से बीएलओ द्वारा गणना प्रपत्र भरवाएं जा रहे हैं। अंतिम तिथि 11 दिसंबर तक सभी मतदाताओं की सही जानकारी पोर्टल में अंकित की जाएगी। मतदाता की प्रविष्टि के बाद सूची का प्रकाशन किया जाएगा। दावा-आपत्ति के बाद अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन किया जाएगा।

## कांग्रेसियों ने भीमराव अम्बेडकर को किया याद

■ भारतीय संविधान के निर्माण में बाबा साहेब का बड़ा योगदान : ओंकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



कांग्रेस नेताओं ने डॉ. भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि दी। नगर के अंबेडकर चौक पहुंचकर नेताओं ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और दो मिनट का मौन रखकर उनके प्रति सम्मान व्यक्त किया। विधायक ओंकार साहू ने कहा कि डॉ. अंबेडकर का भारतीय संविधान के निर्माण में बड़ा योगदान रहा है। वह एक महान समाज सुधारक और विद्वान थे, जिनकी वजह से उन्हें संविधान निर्माता के रूप में जाना जाता है। पूर्व महापौर विजय देवांगन ने कहा कि डॉ अंबेडकर के विचारों को आत्मसात कर उनके सामाजिक शैक्षणिक और आर्थिक विचारों को स्वीकार करना होगा। पूर्व जिला अध्यक्ष मोहन लालवानी ने कहा कि भारतवर्ष को गर्व है कि डॉ भीमराव अंबेडकर द्वारा बनाया गया संविधान पूरे विश्व को ज्ञान देता है। पूर्व पीसीसी सचिव आनंद पवार ने कहा कि अंबेडकर जी को भारतीय संविधान का शिल्पकार भी कहा जाता है जिसके आधार पर आज भारत देश की प्रशासनिक व्यवस्था चल रही है। मौके पर ब्लॉक अध्यक्ष आकाश गोलछा, प्रदेश उपाध्यक्ष महिला कांग्रेस सूर्यप्रभा चेटियार, नेता प्रतिपक्ष दीपक सोनकर, होरीलाल साहू, विशु देवांगन, सुमन मेश्राम, संजय डागौर, सोमेश मेश्राम, रामनाथ यादव, कुशल देवांगन, रमेश देवांगन, सूरज पासवान, अविनाश वाल्मीकि, प्रवीण साहू, डिम्पल सिन्हा, गणेश्वरी कामड़े, भोजराज यादव, पालू यादव सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## धमतरी में यामाहा एक्सएसआर 155 लॉन्च, शहर के पहले ग्राहक बने सौरभ



बिजनेस साइट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

स्थानीय यामाहा शोरूम शिवम प्लेनेट में कंपनी के एरिया मैनेजर प्रशांत सिंह की उपस्थिति में यामाहा का नया मॉडल एक्सएसआर 155 लॉन्च किया गया। नए रेट्रो मॉडर्न लुक और उन्नत फीचर्स से लैस इस बाइक ने लॉन्चिंग के साथ ही ग्राहकों का ध्यान आकर्षित किया। इसी मौके पर धमतरी के पहले ग्राहक सौरभ को नई बाइक का वितरण किया गया।

लॉन्चिंग कार्यक्रम में शोरूम के ओनर हरीश सिन्हा, स्टाफ सदस्य डिगेश्वर सिन्हा, रहनुमा परवीन और पूजा भास्कर सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित थे। एरिया मैनेजर प्रशांत सिंह ने बताया कि एक्सएसआर 155 को विशेष रूप से युवाओं और बाइक राइडिंग के शौकीनों को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है। कंपनी के अनुसार यह बाइक 50-55 किमी प्रति लीटर तक का माइलेज देने में सक्षम है। दमदार इंजन, मजबूत बॉडी पार्ट्स और एडवांस्ड टेक्नोलॉजी के कारण यह लंबे सफर के लिए एक भरोसेमंद साथी साबित होगी। नए फीचर्स, दमदार परफॉर्मेंस और क्लासिक अपील के कारण एक्सएसआर 155 शहर में चर्चा का केंद्र बनी हुई है। शोरूम प्रबंधन ने बताया कि लॉन्चिंग के बाद से ग्राहकों की पूछताछ बढ़ गई है और आने वाले दिनों में बुकिंग में और वृद्धि की संभावना है।

गोकुलपुर के सत्संग भवन में श्रीमद्भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह जारी

# भागवत कथा जीवन को पवित्र बनाने का मार्ग है : पं. दीपक कृष्णा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



गोकुलपुर के सत्संग भवन में चल रहे श्रीमद्भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह में प्रतिदिन श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या उमड़ रही है। जजमान गैंदूराम-कमलेश्वरी सोनकर परिवार द्वारा आयोजित इस सात दिवसीय ज्ञान यज्ञ में कथा वाचन का दायित्व श्रीधाम वृंदावन के कथावाचक पं. दीपक कृष्ण शास्त्री महाराज निभा रहे हैं।

कथा का शुभारंभ 2 दिसंबर को कलश यात्रा, भागवत बैठक और भागवत महात्म्य के साथ हुआ था। इसके बाद क्रमशः सती चरित्र, शुकदेव आगमन, ध्रुव और प्रहलाद चरित्र जैसे दिव्य प्रसंगों से श्रोताओं को अमृत रस प्रदान किया जा रहा है। कथा प्रतिदिन दोपहर 1 बजे से प्रारंभ होकर हरि इच्छा तक चल रही है।

शनिवार को पं. दीपक कृष्ण शास्त्री महाराज ने श्रीराम जन्म और श्रीकृष्ण जन्मोत्सव का मनोहारी वर्णन करते हुए भक्तों को भक्तिभाव से सराबोर कर दिया। उन्होंने बताया कि श्रीराम जन्म का प्रसंग मर्यादा और सत्य की स्थापना का संदेश देता है, वहीं श्रीकृष्ण जन्म अधर्म पर धर्म की विजय तथा करुणा के उद्भव का प्रतीक है। उन्होंने कंस के अत्याचार, देवकी-वसुदेव की पीड़ा और भगवान श्रीकृष्ण के दैवीय अवतरण का अत्यंत भावपूर्ण वर्णन किया। जैसे ही कथा में श्रीकृष्ण जन्म का प्रसंग आया, सभा में उपस्थित श्रद्धालु "नंद के आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की" के जयघोष से मंत्रमुग्ध हो उठे। पंडितजी ने धर्म, सत्य और करुणा के मार्ग पर चलने का संदेश देते हुए कहा कि भागवत कथा जीवन को पवित्र बनाने का मार्ग है और प्रभु का जन्मोत्सव हमें आत्मिक जन्म का महत्व समझाता है।

आगामी दिनों में महारास लीला, रूकमणि विवाह, सुदामा चरित्र और परीक्षित मोक्ष जैसे प्रसंगों का वाचन होगा। ज्ञान यज्ञ का समापन 9 दिसंबर को हवन एवं भंडारे के साथ होगा।

## गोकुलपुर वार्ड में 600 मीटर सड़क निर्माण का शुभारंभ, ट्रैफिक का दबाव कम होने की उम्मीद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

शहर के गोकुलपुर वार्ड में अमलतास पुरम से निगम शौचालय भटगांव रोड तक 600 मीटर सड़क निर्माण कार्य का शुभारंभ शनिवार को नगर निगम महापौर रामू रोहरा की उपस्थिति में किया गया। इस दौरान वार्ड पार्षद सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी मौजूद रहे।बताया गया कि सड़क तैयार होने के बाद मुख्य चौक में लगने वाले जाम से राहत मिलेगी और ट्रैफिक दबाव में उल्लेखनीय कमी आएगी। सड़क खुलते ही लोगों की आवाजाही सुगम होगी और वैकल्पिक मार्ग मिलने से शहर का आवागमन और भी व्यवस्थित हो सकेगा।




फिलहाल सड़क निर्माण के तहत मुरूम बिछाने का कार्य शुरू कर दिया गया है। इससे जल्द ही इस मार्ग से गाड़ियों की आवाजाही शुरू हो जाएगी। महापौर ने कहा कि सड़क के मजबूतीकरण और पक्की निर्माण की प्रक्रिया के लिए भी प्रस्ताव तैयार किया जा रहा है। अनुशंसा मिलते ही सड़क को स्थायी रूप से बनाया जाएगा। वार्डवासियों की लंबे समय से उठाई जा रही मांग को देखते हुए नगर निगम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए इस मार्ग के निर्माण की शुरुआत की है। स्थानीय लोगों ने इसके लिए निगम प्रशासन का आभार जताया है।

**खबर संक्षेप**

## हुंकार दिवस की तैयारी के लिए 8 को होगी वर्चुअल बैठक

**धमतरी।** ओबीसी (अन्य पिछड़ा वर्ग) संयोजन समिति छग द्वारा आगामी 10 जनवरी को आयोजित किए जाने वाले हुंकार दिवस कार्यक्रम की तैयारी को लेकर वर्चुअल बैठक 8 दिसंबर सोमवार को शाम 7 बजे से आयोजित की जाएगी। बैठक में संगठन के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता प्रदेशभर से ऑनलाइन जुड़कर कार्यक्रम की रूपरेखा, रणनीति और आयोजन से संबंधित सुझाव प्रदान करेंगे। बैठक का आयोजन समिति के संस्थापक शत्रुहन सिंह साहू द्वारा किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि हुंकार दिवस सामाजिक न्याय, अधिकार संरक्षण और संगठनात्मक मजबूती को समर्पित है। संगठन की एकजुटता ही समाज के हितों की रक्षा का सबसे मजबूत आधार है।

## तापमान गिरने से बढ़ी ठिठुरन



- न्यूनतम तापमान 12 डिग्री सेल्सियस पर पहुंचा

**धमतरी।** जिले का न्यूनतम तापमान 12 डिग्री सेल्सियस पर आ गया है। इसी के साथ ठिठुरन भरी सर्दी शुरु हो गई है। शीतलहर चलने के आसार हैं, वहीं आगामी दिनों में तापमान में वृद्धि हो सकती है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार शनिवार को उत्तर और मध्य छत्तीसगढ़ के कुछ इलाकों में शीतलहर चलने की संभावना है। प्रदेश में रविवार तक न्यूनतम तापमान में विशेष परिवर्तन होने तथा इसके बाद 2 से 3 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि की संभावना है। प्रदेश में मौसम शुष्क रहेगा। प्रदेश में सर्वाधिक तापमान 29.4 डिग्री जगदलपुर तथा न्यूनतम तापमान अंबिकापुर में 4.6 डिग्री मापा गया है।

### क्षेत्र की कनेक्टिविटी और आर्थिक गतिविधियों को मिलेगा नया आयाम

# धमतरी रेलवे प्रोजेक्ट में तेजी, स्टेशन परिसर में माल गोदाम निर्माण शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



शहर को रायपुर से बड़ी रेललाइन से जोड़ने की दिशा में रेलवे विभाग ने कार्यों की रफ्तार बढ़ा दी है। निर्धारित समय-सीमा फरवरी 2026 को ध्यान में रखते हुए अब निर्माण एजेंसी ने स्टेशन परिसर में माल गोदाम के लिए भवन निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया है। माल गोदाम के लिए नींव खनन की शुरुआत की गई, जिससे स्पष्ट है कि प्रोजेक्ट को गति देने के निर्देशों का असर दिखाई देने लगा है।

दक्षिण-पूर्व-मध्य रेलवे मंडल के तहत केन्द्री से धमतरी तक लगभग 550 करोड़ रुपये की लागत से बड़ी रेललाइन बिछाई जा रही है। कुल 67 किमी खंड में से 51 किमी हिस्से में पटरियां डालने का कार्य पूरा हो चुका है। शेष काम को तय अवधि के भीतर पूरा करने के लिए विभाग लगातार निगरानी कर रहा है।

स्टेशन परिसर में माल गोदाम निर्माण के साथ ही यूनिपोल लगाने का काम भी जारी है। वहीं पानी टंकी का काम अभी अधूरा है, लेकिन रेलवे अधिकारियों का कहना है कि आसपास के अतिक्रमण हटने के बाद इसकी गति भी बढ़ाई जाएगी। विभाग की टीम जल्द धमतरी पहुंचकर स्टेशन की सीमा चिन्हांकित कर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। संभावित कार्रवाई की आशंका से कई लोगों ने अपनी झोपड़ियां पहले ही हटानी शुरू कर दी थी ।

स्थानीय व्यापारियों के लिए गुड्स टर्मिनल का निर्माण लाभकारी साबित होगा। माल ढुलाई की सुविधा बढ़ने से व्यापार में तेजी आने की उम्मीद है। रेलवे प्रोजेक्ट के समय पर पूरा होते ही धमतरी क्षेत्र की कनेक्टिविटी और आर्थिक गतिविधियों को नया आयाम मिलने की संभावना जताई जा रही है।

# माहभर पहले मिंजाई लेकिन अब तक नहीं बिका धान

- टोकन नहीं मिलने से किसान हो रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी


फाइल फोटो

पिछले 22 दिनों की खरीदी में धान खरीदी केंद्रों में 13 लाख क्विंटल धान जाम हो चुका है। अब तक उठाव शुरू नहीं होने से धान खरीदी केंद्रों में स्थिति खराब हो रही है। उधर प्रतिदिन खरीदी की लिमिट भी नहीं बढ़ाई जा रही है, जिससे किसान परेशान हो चुके हैं।

धान खरीदी से संकट छटने का नाम नहीं ले रहा है। जानकारी के अनुसार अब तक जिले के सभी 100 खरीदी केंद्रों में 28 हजार 118 किसानों से 13 लाख क्विंटल धान की खरीदी की जा चुकी है। इस धान के एवज में किसानों को 3 अरब 8 करोड़ 40 लाख 79 हजार 556 रुपए का भुगतान किया गया है। खरीदी स्पीड धीमी होने के बाद भी खरीदी केंद्रों में धान जाम होने लगा है। अधिकांश खरीदी केंद्रों में बफर लिमिट से ज्यादा धान स्टोर हो चुका है। उल्लेखनीय है कि समिति कर्मचारियों ने सूखत को लेकर हड़ताल की थी। उठाव नहीं होने से लगातार धान सूख रहा है। ऐसे में समिति प्रबंधन की चिंता बढ़ गई है। सूखत ज्यादा आने पर उन्हें इसकी भरपाई करनी होगी। वे अभी से सूखत की भरपाई के लिए प्लानिंग कर रहे हैं। उधर समितियों में जाम की स्थिति बनने के कारण प्रतिदिन खरीदी की लिमिट भी नहीं बढ़ाई जा रही है, जिससे किसान काफी परेशान हैं। कई किसान माह भर पहले ही कटाई मिंजाई करवा चुके हैं, लेकिन टोकन नहीं मिलने के कारण वे धान नहीं बेच पाए हैं। किसानों ने बताया कि वे उन्हारी फसल लगा रहे हैं। धान की कटाई, मिंजाई सहित अब उन्हारी फसल के लिए खाद, बीज, जुताई आदि के लिए रूपयों की जरूरत है। धान नहीं बिकने के कारण उन्हें उन्हारी फसल बोनी करने में परेशानी उठानी पड़ रही है।

**महानदी एकेडमी नगरी में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का समापन आज**

# खेल अनुशासन, नेतृत्व और टीमवर्क का श्रेष्ठ माध्यम : एएसपी





हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

महानदी एकेडमी नगरी में तीन दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता शुरू हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शैलेन्द्र पांडेय अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, विशेष अतिथि जेपी देव प्रभारी सहायक खेल अधिकारी, विपिन रंगारे एसडीओपी नगरी थे।

मुख्य अतिथि शैलेन्द्र पांडेय ने दीप प्रज्ज्वलित कर खेल महोत्सव की शुरुआत की। अपने प्रेरक उद्बोधन में उन्होंने कहा कि खेल अनुशासन, नेतृत्व और टीमवर्क का श्रेष्ठ माध्यम है। विशेष अतिथियों ने भी छात्रों के उत्साह और प्रतिभा की सराहना की। विद्यालय प्रबंधन व निदेशक मंडल मोहन नाहटा, अजय छाजेड़, निकेश्वर ठाकुर, अहमद रज़ा एवं शशांक सलाम ने भी अपने विचार रखे। यह कार्यक्रम प्राचार्य शिव कुमार साहू के कुशल संचालन में हुआ। पहले दिन 100 मीटर दौड़ (बालक वर्ग), 200 मीटर दौड़ (बालिका वर्ग), लंबी कूद, फुटबॉल लीग मैच और छोटे बच्चों की लेमन स्पून व सैक रेस ने दर्शकों को रोमांचित कर दिया। अभिभावकों ने खिलाड़ियों का मनोबल और बढ़ा। निदेशक मंडल व प्राचार्य ने पहले दिन की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बताया कि अगली दो दिनों में और भी रोमांचक मुकाबले होंगे। खेल महोत्सव का समापन 7 दिसम्बर रविवार को होगा।

# धीवर समाज के युवक-युवती परिचय सम्मेलन में शामिल होंगे मुख्यमंत्री

- महापौर, कलेक्टर ने किया कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



धीवर समाज द्वारा आज विष्णुप्रसाद एकलव्य खेल परिसर में प्रदेश स्तरीय युवक-युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन किया गया है। इस सम्मेलन में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय शिरकत करेंगे। वे प्रातः 11 बजे पहुंचेंगे।

मुख्यमंत्री के आगमन से पूर्व महापौर, कलेक्टर एवं जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों ने विष्णुप्रसाद एकलव्य खेल परिसर स्थित कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान मंच व्यवस्था, बैठक व्यवस्था, पेयजल, स्वच्छता, विद्युत, यातायात, सुरक्षा एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं का बारीकी से अवलोकन किया।

निरीक्षण के दौरान समाजजनों से परिचय सम्मेलन की संपूर्ण रूपरेखा, अतिथियों के स्वागत एवं कार्यक्रम संचालन की जानकारी ली गई। अधिकारियों ने सभी व्यवस्थाओं को समयबद्ध रूप से पूर्ण करने के निर्देश संबंधित विभागों को दिए। महापौर ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का धमतरी आगमन पूरे जिले तथा धीवर समाज के लिए गर्व और उत्साह का विषय है। यह सम्मेलन सामाजिक एकता, युवाओं के भविष्य निर्माण और समाज के सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है।

## राष्ट्रीय कुश्ती स्पर्धा के लिए सेजेस हटकेशर के दो खिलाड़ियों का चयन

**धमतरी।** 69वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता अंतर्गत फ्री-स्टाईल कुश्ती में स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हटकेशर से दो खिलाड़ियों का चयन हुआ है। जांजगीर चांपा में आयोजित राज्यस्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में 48 किग्रा वजन वर्ग में यमन यादव एवं 51 किग्रा वजन वर्ग में दुर्गेश्वर साहू ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस प्रदर्शन के आधार पर उनका चयन हुआ राष्ट्रीय स्पर्धा में हुआ है। ये खिलाड़ी बलिया उत्तरप्रदेश में 8 से 12 दिसंबर तक आयोजित राष्ट्रीय शालेय प्रतियोगिता में शामिल होंगे। खिलाड़ी 5 दिसंबर को रवाना हुए। उनके इस चयन पर जिला शिक्षा अधिकारी अभय कुमार जायसवाल, सहायक जिला खेल अधिकारी शकीला देवदास, लीलाधर चौधरी, प्राचार्य आरके शर्मा ने हर्ष जताया।

# जमीन कारोबारियों ने जलाई गाइडलाइन की प्रतियां

**जमीन कारोबारी संघर्ष समिति का आंदोलन जारी**




हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

जमीन कारोबारियों का विरोध प्रदर्शन लगातार तेज होता जा रहा है। शनिवार को आंदोलन के छठवें दिन प्रदर्शनकारियों ने ओपी चौधरी द्वारा जारी नई गाइडलाइन की प्रति को जलाकर अपना गुस्सा जाहिर किया। इस दौरान कांग्रेस के पूर्व विधायक लेखराम साहू भी धरना स्थल पर पहुंचे और संघर्ष समिति के सदस्यों के समर्थन में खड़े दिखाई दिए।

जमीन कारोबारी संघर्ष समिति अपनी विभिन्न मांगों को लेकर पिछले कई दिनों से लगातार प्रदर्शन कर रही है। समिति का कहना है कि नई गाइडलाइन लागू होने के बाद रजिस्ट्री का काम लगभग ठप पड़ गया है। जहां पहले प्रतिदिन 35 तक रजिस्ट्री हुआ करती थी, वहीं अब यह संख्या घटकर 2-3 पर सिमट गई है। कारोबारियों का आरोप है कि गाइडलाइन की जटिल प्रक्रिया और अतिरिक्त औपचारिकताओं के चलते आम लोगों को भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

संघर्ष समिति के ऋतुराज पवार ने कहा कि जमीन कारोबार पहले से ही मंदी के दौर से गुजर रहा है और नई व्यवस्था ने इसमें और बाधाएं खड़ी कर दी हैं। कारोबारियों का कहना है कि यदि गाइडलाइन में तुरंत संशोधन नहीं किया गया तो जिले में जमीन कारोबार पूरी तरह ठप हो सकता है, जिससे हजारों लोगों की आजीविका प्रभावित होगी।

आंदोलनकारियों ने चेतावनी दी है कि जब तक सरकार उनकी मांगों पर ठोस और सकारात्मक पहल नहीं करती, तब तक विरोध प्रदर्शन जारी रहेगा। समिति ने साफ किया है कि वे शांतिपूर्ण तरीके से अपनी बात सरकार तक पहुंचाने का प्रयास कर रहे हैं, लेकिन लगातार उपेक्षा से नाराजगी बढ़ती जा रही है। धमतरी में जारी यह विरोध प्रदर्शन धीरे-धीरे बड़े आंदोलन का रूप लेता दिख रहा है और अब सभी की निगाहें सरकार की अगली कार्रवाई पर टिक गई हैं।

## नंदी की स्थापना के लिए विधि विधान से किया गया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

ग्राम सांकरा के नंदी चौक में नंदी भगवान की स्थापना के लिए भूमिपूजन विधि-विधान के साथ हुआ। सुबह से ही नंदी चौक में रहने वाले दुकानदार, स्थानीय निवासियों में उत्साह था। मौके पर जनपद सदस्य राजेश गोसाईं, उपसरपंच हरीश साहू, ग्राम व्यवस्था समिति अध्यक्ष गिरवर भंडारी, उपाध्यक्ष पवन साहू, पूर्व वार्ड पंच कृपाराम नाग, राजू पटेल, नंदी संगठन के मनोज कश्यप, पवन साहू, दिलीप सेन, नेहरूराम साहू, लक्ष्मीनाथ ध्रुव, कल्याण मत्स्यपाल, डिगेश्वर साहू, हरीश साहू, कृष्णानाथ, गणपत ग्वाले, तोषक पटेल, पूनम सिन्हा, आशु सोनी मौजूद थे।













